


# युवा कांग्रेस का प्रदर्शन, लाठीचार्ज

- नशा, मेट्रो और बदहाल सड़कों को लेकर सड़क पर उतरे

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** सोमवार को युवक कांग्रेस ने शहर में नशा, मेट्रो रेल और बदहाल सड़कों को लेकर कलेक्टर कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया. प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेसियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज और वॉटर केनन का उपयोग किया. भीषण ठंड के दौर में लाठीचार्ज और वॉटर केनन के प्रयोग से कई कार्यकर्ता घायल हो गए.

शहर में लगातार चरस, गंजा, ड्रग्स की बिक्री पर रोक नहीं लगाने, अधिकांश सड़कों पर गड्ढे और बदहाली के साथ मेट्रो रेल की अनियमितता को लेकर युवा कांग्रेस ने जंगी प्रदर्शन किया. प्रदर्शन का नेतृत्व शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित पटेल कर रहे थे. पटेल के साथ जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े और शहर अध्यक्ष चिंटू चौकसे भी युवा कांग्रेस प्रदर्शन में शामिल थे. प्रदर्शन के पूर्व हरसिद्धि मंदिर पर युवा कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्र हुए. इसके बाद जुलूस के रूप में कलेक्टर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया. प्रदर्शन के बाद ज्ञापन सौंपा गया.



ज्ञापन में अध्यक्ष अमित पटेल ने आरोप लगाया कि शहर में ड्रग्स पेडलर को पुलिस का संरक्षण मिला है. शहर में धड़ल्ले से युवा ड्रग्स ले रहे है. भाजपा के इशारे पर कांग्रेसियों पर अत्याचार किए जा रहे है. पूरी भाजपा सरकार और उसके नेता भ्रष्टाचार में लिप्त है. सड़क की बदहाली किसी से छुपी नहीं है, अब स्थिति यह है कि सड़कों पर गड्ढे की बजाय गड्ढों में सड़क ढूंढना पड़ रही है. यही हाल मेट्रो रेल को लेकर है. उसकी अनियमितता पर किसी का ध्यान नहीं है.

### नशा बेचने वालों पर कसें शिकंजा

युवा कांग्रेस अध्यक्ष पटेल ने कहा कि हमारी मांग है कि नशा बेचने वालों पर पुलिस का शिकंजा कसा जाए. सड़कों की बदहाली को तुरंत दुरस्त किया जाए और मेट्रो को लेकर स्थाई निर्णय हो, ताकि शहर की जनता को यातायात सुगमता का फायदा मिले. शहर और प्रदेश के युवाओं को नशे से बचाने कांग्रेस लगातार मैदान में डटी रहेगी. प्रदर्शन के दौरान पार्षद राजू भदौरिया, कुणाल सोलंकी, जितेंद्रसिंह, सहित बड़ी संख्या में युवा शामिल थे.

# इंदौर एयरपोर्ट पर इंडिगो का संकट थोड़ा थमा, पर अव्यवस्था बरकरार

- ढाई घंटे में 8 उड़ानें समय पर, दो रद्द
- हेल्पलाइन ठप, सफाई व्यवस्था पर भी सवाल

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. पांच दिनों से उड़ान रद्दीकरण और देरी से जूझ रहे यात्रियों को सोमवार सुबह थोड़ी राहत जरूर मिली, लेकिन एयरपोर्ट की अव्यवस्थित सिस्टम, बंद हेल्पलाइन और सफाई में लापरवाही ने सवाल और गहरे कर दिए. सुबह 6.30 से 8.30 बजे के बीच 10 में से 8 उड़ानें समय पर रवाना हुईं, जबकि बेंगलुरु और मुंबई की एक-एक उड़ान रद्द करनी पड़ी.**

इंडिगो एयरलाइंस की देशभर में चल रही क्रू शॉर्टेज और परिचालन गड़बड़ियों का सबसे ज्यादा असर इंदौर पर पड़ा है. सोमवार सुबह एयरपोर्ट की स्थिति पिछले चार दिनों की तुलना में बेहतर रही. जयपुर, मुंबई, रायपुर और हैदराबाद जाने वाले यात्री समय पर उड़ानों में सवार हुए, जबकि दो उड़ानें रद्द रहीं. इंदौर आने वाली उड़ानों में भी स्थिति बेहतर दिखी. सुबह पुणे, मुंबई और भुवनेश्वर को छोड़कर सात उड़ानें पहुंच चुकी थीं. हालांकि समय पर विमान न पहुंचने की दिक्कत अब भी बनी हुई है. एयरपोर्ट अथॉरिटी ने रविवार शाम हेल्पलाइन नंबर जारी किए थे, लेकिन यात्रियों का दावा है कि अधिकांश नंबर लग ही नहीं रहे. कंट्रोल रूम और एयरलाइन ऑपरेटरों के कई नंबर आउट ऑफ रीच बताए जा रहे हैं. सोशल मीडिया पर अथॉरिटी द्वारा सब सामान्य है बताने के दावों का यात्रियों ने ऐसी किसी भी स्थिति का खंडन किया है. यात्रियों का कहना है कि इन नंबरों पर या तो कॉल नहीं लग रही या निरंतर आउट ऑफ कवरेज बता रहा है.

### सफाई का सच- टिकट काउंटर पर कुत्ता, मुंह में गिलहरी



एयरपोर्ट की सफाई व्यवस्था पर लंबे समय से सुविधानुसार दावे किए जाते रहे हैं, लेकिन रविवार को सामने आई एक तस्वीर ने व्यवस्था की पोल खोल दी. इंडिगो टिकट काउंटर पर एक कुत्ता मुंह में मरी गिलहरी दबाए खड़ा था. यात्रियों ने इस तस्वीर को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा- सफाई में तमगा जीतने वाले शहर के एयरपोर्ट की यह हालत किसकी जिम्मेदारी है. यह तस्वीर वायरल होने के बाद एयरपोर्ट प्रबंधन की निगरानी और सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो गए हैं.

# भावना डेहरिया के पक्ष में आया हाईकोर्ट का फैसला

- विक्रम अवॉर्ड का रास्ता हुआ साफ

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. माउंट एवरेस्ट फतह कर अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाने वाली पर्वतारोही भावना डेहरिया को राज्य का सर्वोच्च खेल सम्मान मिलने में अब कोई रोक नहीं रही. मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर पीठ ने उनके चयन पर लगी रोक हटाते हुए याचिका खारिज कर दी.**

एडवेंचर स्पोर्ट्स कैटेगिरी में 2023 के लिए घोषित विक्रम अवॉर्ड भावना डेहरिया को दिए जाने का रास्ता हाई कोर्ट से साफ हो गया है. सोमवार को न्यायमूर्ति प्रणय वर्मा ने इस संबंध में दायर याचिका को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया. अदालत ने माना कि राज्य सरकार का निर्णय नियमों के अनुरूप है और इसमें किसी तरह की प्रक्रियागत कमी नहीं है. सुनवाई के दौरान भावना डेहरिया की ओर से एडवोकेट अनुनय श्रीवास्तव पेश हुए, जबकि राज्य सरकार का पक्ष डिप्टी एडवोकेट जनरल श्रेय राज सक्सेना ने रखा. दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने सरकार के निर्णय को सही माना. याचिका मधुसूदन पाटीदार ने दायर की थी. उन्होंने दावा किया था कि वे डेहरिया से पहले एवरेस्ट फतह कर चुके हैं, इसलिए पुरस्कार के हकदार वे हैं. अदालत ने रिकॉर्ड के आधार पर पाया कि पाटीदार का आरोहण वर्ष 2017 का है, जो वर्ष 2023 के लिए लागू मध्य प्रदेश पुरस्कार नियम 2021 की पांच वर्षीय पात्रता अवधि से बाहर है. नियम 5 के अनुसार एडवेंचर स्पोर्ट्स कैटेगिरी में केवल पिछले पाँच साल में हासिल उपलब्धियों को ही मान्यता दी जाती है. इसी आधार पर कोर्ट ने कहा कि पाटीदार इस पुरस्कार वर्ष के लिए पात्र ही नहीं थे, इसलिए उनका दावा अस्वीकार किया जाना उचित था. अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि वर्ष 2021, 2022 और 2023 में पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित करने की प्रक्रिया नियमों के मुताबिक रही, इसलिए अपर्याप्त सूचना या नोटिस न देने का आरोप टिकाऊ नहीं पाया. याचिका को निर्मूल मानते हुए अदालत ने स्टे आदेश हटाया, जिससे अब भावना डेहरिया को विक्रम अवॉर्ड प्रदान करने में कोई बाधा नहीं रही. राज्य सरकार जल्द ही उन्हें सम्मानित करेगी.

### पांच शीर्ष चोटियों पर फहराया तिरंगा

छिंदवाड़ा जिले के तामिया की रहने वाली भावना डेहरिया ने विश्व की पाँच महाद्वीपीय शीर्ष पर्वत चोटियों एवरेस्ट (एशिया), किलिमंजारो (अफ्रीका), कोज़िउस्को (ऑस्ट्रेलिया), एलब्रस (यूरोप) और अकोंकागुआ (दक्षिण अमेरिका) पर तिरंगा फहराया है. वे प्रदेश से एवरेस्ट फतह करने वाली शुरुआती महिलाओं में शामिल हैं और अब एडवेंचर स्पोर्ट्स कैटेगिरी में यह सम्मान पाने वाली पहली महिला बनेंगी. भावना और उनकी चार वर्षीय बेटी सिद्धि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की ब्रांड एंबेसडर भी हैं. पर्वतारोहण को बढ़ावा देने के लिए उन्हें एक अनूठे प्रयास पर गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड भी मिल चुका है. इस मामले में भावना ने कहा कि यह सम्मान उनके साहस और समर्पण की यात्रा को नई प्रेरणा देता है.

## संभाग-स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता आज से

**इंदौर.** कार्यकारी खेलकूद समिति, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर द्वारा 59वीं अन्तर महाविघालयीन संभाग स्तरीय एथलेटिक्स (पुरुष एवं महिला) प्रतियोगिता का आयोजन 9 से 11 दिसंबर को विश्वविद्यालय के तक्षशिला परिसर स्थित सिंथेटिक ट्रेक पर किया जा रहा है.

स्पर्धा में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय से सम्बधित 8 जिलो के महाविघालयों से पुरुष विभाग में 33 महाविघालयों के लगभग 218 खिलाडी विघार्थी एवं महिला विभाग में 33 महाविघालयों की लगभग 146 महिला खिलाड़ी विद्यार्थी हिस्सा लेंगे. स्पर्धा का औपचारिक शुभारंभ प्रात: 10.00 बजे विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राकेश सिंघई के मख्य आतिथ्य, डॉ. आरसी दीक्षित, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन एवं विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रज्जवल खरे के विषेश आतिथ्य में सम्पन्न होगा.

## एक नजर में

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल का आईपीए 12 को खुलेगा



इंदौर. आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड अपने इनिशियल पब्लिक ऑफर में इक्विटी शेयर्स के लिए बिड/ऑफर 12 दिसंबर को खोलेगी और 16 दिसंबर को बंद करेगी. एंकर इन्वेस्टर बिडिंग डेट 11 दिसंबर होगी. यह ऑफर कंपनी के एक प्रमोटर, यानी प्रूडेंशियल कॉर्पोरेशन होल्डिंग्स लिमिटेड द्वारा ऑफर फॉर सेल के जरिए अधिकतम 48,972,994 इक्विटी शेयर्स तक का है. ऑफर में पात्र आईसीआईसीआई बैंक शेयरहोल्डर्स के लिए अधिकतम 2,448,649 इक्विटी शेयर्स का रिजर्वेशन शामिल है. आईसीआईसीआई बैंक शेयरहोल्डर रिजर्वेशन पोर्शन को घटाने के बाद बचा ऑफर नेट ऑफर कहलाएगा. ऑफर और नेट ऑफर क्रमश: ऑफर के बाद कंपनी के पेड-अप इक्विटी शेयर कैपिटल का 9.91% और 9.41% हिस्सा होंगे।इक्विटी शेयर्स कंपनी के 5 दिसंबर 2025 के रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के जरिए ऑफर किए जा रहे हैं, जिसे दिल्ली और हरियाणा में रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज, नई दिल्ली (आरओस) के पास फाइल किया गया है.

### ऑडी डैश कैम अब और मजबूत सुरक्षा के साथ

इंदौर. ग्राहकों की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ऑडी इंडिया अपनी तकनीकी प्रगति को और आगे बढ़ा रही है. इसी क्रम में ब्रांड ने भारत में ऑडी डैश कैम लॉन्च की है- जो न केवल ड्राइविंग के दौरान बल्कि पार्किंग स्थिति में भी वाहन को रियल-टाइम सुरक्षा प्रदान करती है. 68,000 रुपये कीमत वाली यह डैश कैम सभी ऑडी मॉडलों के लिए उपयुक्त है और इसे नई कार की डिलीवरी के समय या मौजूदा वाहनों में रेट्रोफिट के रूप में इंस्टॉल कराया जा सकता है. ऑडी डैश कैम आधुनिक रिकॉर्डिंग क्षमताओं और आसान ऐप-आधारित संचालन के साथ पूर्ण इन-कार सर्विलांस प्रदान करती है. इसमें क्यूएचडी रिज़ॉल्यूशन, स्मार्ट बैटरी प्रोटेक्शन और मोबाइल ऐप कंट्रोल जैसी खूबियाँ शामिल हैं. इवेंट-ट्रिगर रिकॉर्डिंग और पार्किंग निगरानी मोड के कारण यह सिस्टम हिट-एंड-रन, वाहन से छेड़छाड़, स्टेज्ड एक्सीडेंट या अन्य अनचाहे घटनाओं के दौरान स्वत: रिकॉर्डिंग शुरू कर देता है. ऑडी डैश कैम अब भारत के सभी अधिकृत ऑडी डीलरशिप पर उपलब्ध है.

### डॉ. कर्नावट राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, पालीवाल अंचल सचिव

इंदौर. बैंक ऑफ बड़ौदा रिटायर्ड आफिसर्स एसोसिएशन की मप्र और छत्तीसगढ अंचल समिति के पदाधिकारियों के चार वर्षीय चुनाव संपन्न हुए. इस

चुनाव में पदाधिकारियों का निर्विरोध चयन हुआ. जीएन अग्रवाल इन्दौर अध्यक्ष, एसएन पालीवाल भोपाल अंचल सचिव, पीएस पैठनकर इन्दौर तथा उमाकांत गजभिए, जबलपुर उपाध्यक्ष, संजीव करबेलकर इन्दौर तथा एस एंटोनीसामी रायपुर सहायक अंचल सचिव एवं अजेय कुमार भोपाल कोषाध्यक्ष चुने गए. पीडी जोशी इन्दौर सहायक कोषाध्यक्ष, एस सत्यम जबलपुर, अनिल देशमुख ग्वालियर अंचल समिति के सदस्य मनोनीत किए गए. इसके साथ ही एसोसिएशन की गवर्निंग काउंसिल के सदस्यों के रूप में डॉ जवाहर कर्नावट भोपाल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा रंजीत कुमार मोंडल रायपुर राष्ट्रीय सहायक महासचिव चुने गए. गवर्निंग काउंसिल के अन्य सदस्यों में कैलाश चन्द्र माहेश्वरी इन्दौर, जिनेन्द्र जैन, रतलाम, दीपक मोहिते इन्दौर चुने गए.

### रील वर्ल्ड एंटरटेनमेंट ने 'चथा पचा' का पोस्टर जारी किया

इंदौर. रील वर्ल्ड एंटरटेनमेंट की पैन इंडियन मूवी 'चथा पचा' को लेकर पहले से ही फैंस में ज़बरदस्त उत्साह है. ऐसे समय में रोशन मैथ्यू के किरदार वेट्री का यह पोस्टर रिलीज़ होते ही चर्चा का बड़ा विषय बन गया. यह अनावरण सिनेमा की दुनिया में एक्टर के शानदार दस साल का जश्न मनाने का बिल्कुल सही समय साबित हो रहा है. इस किरदार का पोस्टर तब रिलीज़ किया गया, जबकि 'चथा पचा' को लेकर लोगों के उत्साह पहले से ही अपने चरम पर है. फिल्म का जानदार टीज़र हाल ही में जारी हुआ था, जिसने कुछ ही घंटों में सोशल मीडिया पर धमाल मचा दिया था. और अब, रोशन मैथ्यू का पोस्टर रिलीज़ होने के बाद फिल्म को लेकर रोमांच और बढ़ गया है. फिल्म में रोशन मैथ्यू के साथ अर्जुन अशोकन, विशाक नैयर, ईशान शौकत और इंडस्ट्री के कई दमदार कलाकार नज़र आएंगे. फिल्म जनवरी 2026 में अपने भव्य थिएट्रिकल रिलीज़ के लिए पूरी तरह तैयार है.

### नेशनल लोक अदालत 13 दिसम्बर को

इंदौर. मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार आगामी 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है. लोक अदालत में बीएसएनएल द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु जिला न्यायालय इंदौर एवं तहसील महू में बकाया लैंडलाइन, ब्रॉडबैंड, एफटीटीएच सहित मोबाइल पोस्टपेड बिल संबंधित प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निपटान किया जाएगा. बीएसएनएल के उपभोक्ताओं द्वारा अपने बकाया बिलों की राशि लोक अदालत में जमा करने पर उन्हें नियमानुसार 10 प्रतिशत से 50 प्रतिशत की आकर्षक छूट का लाभ दिया जाएगा.

# समय सीमा प्रकरणों पर कलेक्टर की चेतावनी

- मुख्यमंत्री की मंशा और निर्देश अधिकारियों को याद दिलाए



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. आज समय सीमा बैठक में कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों में लेट लतीफी करने के लिए चेतावनी दी. अधिकारियों को बताया कि मुख्यमंत्री की मंशा और निर्देश का पालन समय सीमा में पूरा करें. कलेक्टर ने कहा कि एसआईआर कार्य पूरा हो चुका है, अब अगले चरण में मेपिंग और दावे आपत्ति पर कार्य होगा.**

कलेक्टर शिवम वर्मा ने आज समय सीमा बैठक में अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों में देरी एक लिए चेतावनी दी. साथ ही कहा कि राजस्व प्रकरण नामांतरण, बटांकन कार्य समय सीमा में पूरे होना चाहिए। यह मुख्यमंत्री की मंशा और निर्देश भी है. साथ ही कलेक्टर ने चार अलग अलग प्रकरणों में देरी के लिए अधिकारियों को कार्रवाई करने की हिदायत दी, जिसमें मोरोड़ ग्राम में कंट्रोल पर्ची, बैंक में राशि देने में बिलंब, वृद्धवस्था पेंशन और आयुष्मान कार्ड के मामले थे.

### एसआईआर के अगले चरण के लिए तैयार रहें

कलेक्टर वर्मा ने कहा कि एसआईआर का काम पूरा हो गया है। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर अगले चरण में मेपिंग और दावे आपत्ति सुनवाई की जाएगी, जिसके लिए सभी तैयार रहें. उक्त कार्य भी समय सीमा में करना है.



# अंतर महाविद्यालयीन क्रिकेट स्पर्धा में रेनेसां महाविद्यालय विजेता

**इंदौर.** शासकीय आदर्श **होलकर विज्ञान महाविद्यालय द्वारा आयोजित मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल की अंतर महाविद्यालयीन जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच रेनेसां महाविद्यालय और यूटीडी के मध्य खेला गया. जिसमें रेनेसां महाविद्यालय ने यह मुकाबला 94 रन से जीत कर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया.**

पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि इंदौर संभाग के अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, डॉ.आर.सी. दीक्षित, महाविद्यालय की प्राचार्या, डॉ. अनामिका जैन, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. नागेश डगांवकर, कॉलेज के परीक्षा नियंत्रक डॉ. पी. के. शर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ. अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी एवं स्पर्धा के संगठन सचिव डॉ. अनुपम शर्मा, डॉ.शुभदा भोंसले, आशीष यादव, कु. रूपाली प्रजापत के द्वारा किया गया. इंदौर जिला क्रिकेट (पुरुष) टीम की चयन समिति सदस्यों के रूप में प्रो. (डॉ.) दीपक मेहता, डॉ. एस. एस.सिद्धू, डॉ. निलेश मंडलोई, डॉ. राघव जायसवाल एवं श्री भूषण वर्मा मौजूद रहे इन सभी का स्वागत महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग के प्राध्यापकों के द्वारा किया गया. इस मौके पर इंदौर जिले के वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी सीबी होलकर, डॉ. विकास कौशिक, डॉ. अविनाश यादव, डॉ. अनुराग हार्डिया, डॉ. प्रवीण माने ने स्पर्धा को संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अनुपम शर्मा ने बताया कि इस स्पर्धा के आधार पर इंदौर जिला क्रिकेट (पुरुष) टीम का चयन किया जाएगा. जो आगामी दिनों में संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के क्रीड़ा विभाग द्वारा संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन का दायित्व शा. आदर्श होलकर विज्ञान महाविद्यालय को सौंपा गया है.



# नए श्रम कानून श्रमिकों और देश के हित में है

**इन्दौर. श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति के समसायिक अध्ययन केन्द्र द्वारा 'नये श्रम कानून के प्रभाव' विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता आत्माराम खेड़िया, पूर्व न्यायाधीश, श्रम न्यायालय ने की. उन्होंने कहा समय-समय पर कानून तो बनते रहते है. नये श्रमिक कानून में बहुत अच्छे प्रावधान भी है पर सवाल यह है कि वह किस हद तक लागू हो सकेंगे.**

अर्थशास्त्री डॉ. जयंतीलाल भण्डारी ने कहा कि भारत में ये नए कानून श्रमिकों के साथ देश के विकास में बहुत अहम भूमिका निभाएंगे. देश और दुनिया में इन नये कानूनों पर चर्चा हो रही है, उन्होंने कहा कि ये नए श्रमिक कानून 1 अप्रैल 2026 से लागू हो जायेंगें. उन्होंने विस्तार से चर्चा करते हुए श्रमिक, श्रमिक क्षेत्र, उद्योग, वेतन, मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा आदि विषयों पर प्रकाश डाला. साथ ही उन्होंने कहा कि इस कानून के तहत समान कार्य के लिए महिलाओं और पुरुषों को वेतन समान दिया जायेगा. विशेष तौर से आईटी सेक्टर के लोगों को सुरक्षा मिल सकेगी. करीब 50 करोड़ श्रमिक इस नये कानून के तहत आ सकेंगे और 75 लाख नये रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे.

उन्होंने कहा कि कारोबार में एक नई गति आयेगी. वरिष्ठ एडवोकेट गिरीश पटवर्धन ने कहा कि इन नए कानून में श्रमिक और नियोक्ता, वेतन, बोनस, भुगतान नियम, सामाजिक सुरक्षा, कल्याण, ग्रेच्युटी एक्ट आदि अनेक विषयों को समाहित किया गया है, इसमें बहुत से कानून म.प्र. में पहले से ही लागू है. प्रोजेक्टर के माध्यम से संबंधित विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी.

आरम्भ में कार्यक्रम का संचालन कर रही केन्द्र की मंत्री डॉ. मीनाक्षी स्वामी ने विषय प्रवर्तन किया. अतिथियों का स्वागत अरविन्द ओझा, घनश्याम यादव ने किया. स्वागत उद्बोधन अरविन्द जवलेकर ने किया. अतिथियों को स्मृति चिन्ह डॉ. जयंतीलाल भण्डारी ने प्रदान किये. आभार हरेराम वाजपेयी ने माना. उपस्थित लोगों के द्वारा पूछे गये प्रश्नों के उत्तर भी प्रदान किये गये.

# बच्चों को शिक्षा के लिए कर रहे प्रेरित

**इंदौर.** पिछले एक दशक में भारत में बच्चों की शिक्षा और अवसरों तक पहुंच में एक धीमा लेकिन प्रभावशाली बदलाव देखा गया है. इस बदलाव के केंद्र में सबसे आगे है पी एंड जी इंडिया का प्रमुख सीएसआर कार्यक्रम- पीएंडजी शिक्षा- जो सिर्फ़ शिक्षा पर ध्यान देकर अपनी कोशिशों से एजुकेशन के इंफ्रास्ट्रक्चर को मज़बूत कर रहा है, सीखने के नतीजों को बेहतर बना रहा है, और 50 लाख से ज़्यादा बच्चों के लिए इरेज़ द लर्निंग गेप में मदद कर रहा है.

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के वादे के रूप में शुरू हुई यह पहल अब एक राष्ट्रव्यापी संचलन बन चुकी है- जिसे पी एंड जी इंडिया के कर्मचारी आगे बढ़ा रहे हैं, जो एक बार फिर पी एंड जी शिक्षा समर्थित स्कूलों में जाकर बच्चों को प्रेरित कर रहे हैं, मार्गदर्शन दे रहे हैं और उनकी क्षमता पर विश्वास जगाकर उन्हें सशक्त बना रहे हैं. इस तरह के प्रयासों के ज़रिए पी एंड जी शिक्षा के वॉलंटियर्स पाठ्यपुस्तकों से परे सीखने को जीवंत बनाते हैं. वे युवा शिक्षार्थियों को वह सब कुछ प्रदान करते हैं जिसकी उन्हें सबसे ज़्यादा ज़रूरत होती है- संपर्क, प्रोत्साहन और खुद पर विश्वास. बाल दिवस पर शुरू की गई पी एंड जी शिक्षाकी वॉलंटियर ड्राइव को अंतर्राष्ट्रीय वॉलंटियर दिवस पर और मजबूत किया गया जिसका उद्देश्य क्लासरुम स्टडी को सार्थक तरीके से पूरक बनाना है. फोकस क्षेत्रों को मजबूत जीवन कौशल और सीखने की प्रासंगिकता बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसमें भावनात्मक बुद्धिमत्ता शामिल है, जो बच्चों को लचीलापन, आत्म विश्वास, सहानुभूति और सामाजिक कौशल को मजबूत करने में मदद कर सकती है. बड़े विद्यार्थियों के लिए सॉफ्ट स्किल्स ट्रेनिंग, व्यावहारिक टिप्स और मॉक इंटरव्यू जैसे सत्र भी आयोजित किए गए।

एक नजर में | अग्रवाल समाज महिला महासभा का आयोजन, मंगल पाठ भी किया

# 56 भोग समर्पित कर धूमधाम से मनाया दादी का जन्मोत्सव

**इंदौर. अग्रवाल समाज महिला महासभा के तत्वावधान में मनोरमा गंज स्थित गीता भवन के सत्संग सभागृह में अग्रवाल सोशल माधवी ग्रुप के सहयोग से 200 से अधिक महिलाओं ने दादी जी के मंगल पाठ का अनूठा आयोजन मंगल ज्योत, चुनरी समर्पण, 56 भोग, ध्वजा, हल्दी एवं मेहंदी उत्सव के साथ धूमधाम से संजोया.**



महासभा की संस्थापक राधा-राजेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमचंद गोयल, विष्णु बिंदल, हितेश बिंदल, राजेश गर्ग, गोविंद सिंघल सहित अनेक अतिथियों ने शामिल होकर व्रतधारी महिलाओं का उत्साहवर्धन किया. अतिथियों का स्वागत सीमा-श्याम अग्रवाल, संध्या-चौथमल गुप्ता, सुमन-संजय अग्रवाल, तारा-पुरुषोत्तम अग्रवाल, शीतल-मनोज अग्रवाल, वनिता-विवेक अग्रवाल, भावना-गोविंद अग्रवाल, दीपल-आनंद गर्ग, निशि-प्रमोद अग्रवाल, उषा-मुरारी अग्रवाल, दीप्ति-मुकेश अग्रवाल, खुशबू-अतुल अग्रवाल, लीना-कौशल अग्रवाल एवं सपना-संजय अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने किया और इस दिव्य उत्सव में अपनी भागीदारी दर्ज कराई. इस अवसर पर दिनेश गोयल, संजय गोयल, महेश अग्रवाल, तरुण बंसल एवं किशन गुप्ता भी विशेषरूप से उपस्थित थे. मातृशक्ति ने इस उत्सव में दोपहर में दादी की भव्य मंगल ज्योत प्रज्वलित कर मंगल पाठ का पुण्य लाभ उठाया, तत्पश्चात 56 भोग समर्पित कर दादी का जन्मोत्सव भी धूमधाम से मनाया.

### 251 मीटर की चुनरी समर्पित की

उत्सव में दादी को 251 मीटर की चुनरी भी समर्पित की गई और ध्वजा, हल्दी एवं मेहंदी उत्सव को भी पोरे जोश और उल्लास के साथ आत्मसाध किया। इस दौरान बार-बार गीता भवन का सभागृह दादी जी के जयघोष से गूंजता रहा। कार्यक्रम में सुश्री दिशा विजय अग्रवाल का सम्मान भी किया गया।